# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2022-23)

## हिंदी (ब) कोड संख्या 085

### कक्षा - दसवीं

**निर्धारित समय :3 घंटे** **पूर्णांक :80**

**सामान्य निर्देश :-**

- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं । दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खंड - अ (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1×5=5 )

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान देश के विभिन्न राज्यों में सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देता है। भारत एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण विविध भाषा, संस्कृति, धर्म के तानों-बानों, अहिंसा और न्याय के सिद्धान्तों पर आधारित स्वाधीनता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बाँधकर हुआ है। हम इतिहास की बात करें या वर्तमान की भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय एवं हर स्थान पर हुआ है। नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला इत्यादि से समृद्ध भारत की पहचान पूरे विश्व में है। भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। इस कला की कहानी लगभग पाँच हज़ार वर्ष पूर्व सिंधु घाटी की सभ्यता से आरंभ होती है। इसके दो प्रमुख नगरों;मोहनजोदाड़ो और हड़प्पा में अच्छी सड़कें, दो मंज़िले मकान, स्नान-घर, पक्की ईंटों के प्रयोग के सबूत मिले हैं। गुजरात के लोथल नामक स्थान की खुदाई से पता चलता है कि वहाँ नावों से सामान उतारने के लिए 216 x 37 मीटर लम्बी-चौड़ी तथा 15 फीट गहरी गोदी बनी हुई थी। ये लोग मिट्टी, पत्थर, धातु, हड्डी, काँच आदि की मूर्तियाँ

एवं खिलौने बनाने में कुशल थे। धातु से बनी एक मूर्ति में एक नारी को कमर पर हाथ रखे नृत्य मुद्रा में दर्शाया गया है। दूसरी मूर्ति पशुपतिनाथ शिव की तथा तीसरी मूर्ति दाढ़ी वाले व्यक्ति की है। ये तीनों मूर्तियाँ कला के सर्वश्रेष्ठ नमूने हैं। मूर्ति का श्रेष्ठ होना मूर्तिकार के कौशल पर निर्भर करता है। मूर्ति की प्रत्येक भावभंगिमा को दर्शाने में मूर्तिकार जी-जान लगा देता है। भारत के प्रत्येक कोने में इस प्रकार की विभिन्न कलाएँ हमारी संस्कृति में प्रतिबिंबित होती हैं। इस अतुलनीय निधि का बचाव और प्रचार-प्रसार ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना है।

(1) भारत को 'अनोखा राष्ट्र' कहने से लेखक का तात्पर्य है-

(क) बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन

(ख) मूर्तिकला के सर्वश्रेष्ठ नमूने

(ग) संवेदनशील भारतीय नागरिक

(घ) विभिन्नता में एकता का प्रतीक

(2 ) सिंधु घाटी की सभ्यता प्रतीक है-

(क) मूर्तिकार के कौशल का

(ख) एक भारत श्रेष्ठ भारत का

(ग) प्राचीन सुव्यवस्थित सभ्यता का

(घ) स्वाधीनता संग्राम के नायकों का

(3) गद्यांश हमें संदेश देता है-

(क) कलाकार अपनी कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन करता है।

(ख) भारतीय नृत्य और संगीत की कला विश्व प्रसिद्ध है।

(ग) भारतीय सभ्यता व संस्कृति का संरक्षण आवश्यक है।

(घ) स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारियों का विशेष योगदान है।

(4) गद्यांश में मूर्तियों का सविस्तार वर्णन दर्शाता है-

(क) सूक्ष्म अवलोकन एवं कला-प्रेम

(ख)प्राचीन मूर्तियों की भावभंगिमा

(ग) स्थूल अवलोकन एवं कला-प्रेम

(घ) सांस्कृतिक एकता एवं सौहार्द्र

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय हुआ है।

कारण (R) भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न 2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1×5=5 )

परिश्रम यानी मेहनत अपना जवाब आप ही है। उसका अन्य कोई जवाब न है, न हो सकता है अर्थात जिस काम के लिए परिश्रम करना आवश्यक हो, हम चाहें कि वह अन्य किसी उपाय से पूरा हो जाए, ऐसा हो पाना कतई संभव नहीं। वह तो लगातार और मन लगाकर परिश्रम करने से ही होगा। इसी कारण कहा जाता है कि 'उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी' अर्थात उद्योग या परिश्रम करने वाले पुरुष सिंहों का ही लक्ष्मी वरण करती है। सभी प्रकार की धन-संपत्तियाँ और सफलताएँ लगातार परिश्रम से ही प्राप्त होती हैं। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, यह परीक्षण की कसौटी पर कसा गया सत्य है। निरंतर प्रगति और विकास की मंज़िलें तय करते हुए हमारा संसार आज जिस स्तर और स्थिति तक पहुँच पाया है, वह सब हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहने से नहीं हुआ। कई प्रकार के विचार बनाने, अनुसंधान करने, उनके अनुसार लगातार योजनाएँ बनाकर तथा कई तरह के अभावों और कठिनाइयों को सहते हुए निरंतर परिश्रम करते रहने से ही संभव हो पाया है। आज जो लोग सफलता के शिखर पर बैठकर दूसरों पर शासन कर रहे हैं, आदेश दे रहे हैं, ऐसी शक्ति और सत्ता प्राप्त करने के लिए पता नहीं किन-किन रास्तों से चलकर, किस-किस तरह के कष्ट और परिश्रमपूर्ण जीवन जीने के बाद उन्हें इस स्थिति में पहुँच पाने में सफलता मिल पाई है। हाथ-पैर हिलाने पर ही कुछ पाया जा सकता है, उदास या निराश होकर बैठ जाने से नहीं। निरंतर परिश्रम व्यक्ति को चुस्त-दुरुस्त रखकर सजग तो बनाता ही है, निराशाओं से दूर रख आशा-उत्साह भरा जीवन जीना भी सिखाया करता है।

(1) परीक्षण की कसौटी पर कसे जाने से तात्पर्य है-

(क) सत्य सिद्ध होना

(ख) कथन का प्रामाणिक होना

(ग) आकलन प्रक्रिया तीव्र होना

(घ) योग्यता का मूल्यांकन होना

(2)'हाथ-पैर हिलाने से कुछ पाया जा सकता है।'पंक्ति के माध्यम से लेखक....................... की प्रेरणा दे रहे हैं।

(क) तैराकी

(ख) परिश्रम

(ग) परीक्षण

(घ) हस्तशिल्प

(3) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

(i) परिश्रम व्यक्ति को सकारात्मक बनाता है।

(ii) आज संसार पतन की ओर बढ़ रहा है।

(iii) पुरुषार्थ के बल पर ही व्यक्ति धनार्जन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /कौन-से कथन सही है /हैं?

(क) केवल (i)

(ख) केवल (ii)

(ग) (i) और (iii)

(घ) (ii) और (iii)

(4) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द गद्यांश में दिए गए 'अनुसंधान' शब्द के सही अर्थ को दर्शाता है-

(क) परीक्षण

(ख) योजनाएँ

(ग) अन्वेषण

(घ) सिंहमुपैति

(5) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार पर कहा जा सकता है -

(क) अल्पज्ञान खतरनाक होता है।

(ख) गया समय वापस नहीं आता है।

(ग) मेहनत से कल्पना साकार होती है।

(घ) आवश्यकता आविष्कार की जननी है।

प्रश्न 3 निर्देशानुसार 'पदबंध ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
(1x4=4)

(1) 'वामीरो फटती हुई धरती के किनारे चीखती हुई दौड़ रही थी।' रेखांकित पदबंध का भेद है -
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) विशेषण पदबंध

(2) 'निर्भीक और साहसी वज़ीर अली अपने अधिकार के लिए लड़ रहा था।' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है -
(क) साहसी वज़ीर अली
(ख) लिए लड़ रहा था
(ग) निर्भीक और साहसी
(घ) अपने अधिकार के लिए

(3)क्रिया पदबंध का उदाहरण छाँटिए -
(क) बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड़ दिया।
(ख) यह काम तो हमेशा आदर्शवादी लोगों ने ही किया है।
(ग) दोनों कबूतर रातभर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।
_(घ) शैलेंद्र तो फ़िल्म-निर्माता बनने के लिए सर्वथा अयोग्य थे ।

(4) ' बादशाह सुलेमान मानव जाति के साथ-साथ पशु पक्षियों के भी राजा हैं।' रेखांकित पदबंध का भेद है -
(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(5) 'हरिहर काका धीरे-धीरे चलते हुए आँगन तक पहुँचे।' रेखांकित पदबंध का भेद है-

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) क्रिया पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध

(घ) क्रियाविशेषण पदबंध

प्रश्न 4 निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(1) ' जब उसने तताँरा को देखा तो वह फूटकर रोने लगी।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा -

(क) तताँरा को देखते ही वह फूटकर रोने लगी।

(ख) तताँरा को देखकर वामीरो फूटकर रोने लगी।

(ग) वामीरो ने तताँरा को देखा और फूटकर रोने लगी।

(घ) जैसे ही वामीरो ने तताँरा को देखा वह फूटकर रोने लगी।

(2) ' हम जब अकेले पड़ते हैं तब अपने आप से लगातार बड़बड़ाते रहते हैं।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है-

(क) सरल वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य

(घ) सामान्य वाक्य

(3) 'आपके अच्छे कार्यक्रमों को सभी पसंद करते हैं ।' दिए गए वाक्य का मिश्रित वाक्य होगा -

(क)आपके अच्छे कार्यक्रम सभी के पसंदीदा होते हैं।

(ख) जब कार्यक्रम होते ही अच्छे हैं सभी पसंद करते ही हैं।

(ग) आपके कार्यक्रम इतने अच्छे होते हैं कि सभी पसंद करते हैं।

(घ) आपके कार्यक्रम इतने अच्छे हैं इसलिए सभी को पसंद आते हैं ।

(4) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य है -

(क) आपने मुझे कारतूस दिए इसलिए आपकी जान बख्शी करता हूँ।

(ख) उसके अफ़साने सुन के रॉबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं।

(ग) वह एक छह मंज़िली इमारत थी जिसकी छत पर एक सुंदर पर्णकुटी थी।

(घ) ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को काफ़ी कुछ बदल दिया था।

(5) 'सभी लिख चुके हैं लेकिन कनक अभी तक लिख रही है।' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा-

(क) सरल वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य

(घ) विधानवाचक वाक्य

प्रश्न 5 निर्देशानुसार **समास** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(1) 'महावीर' शब्द/समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है?

(क) द्विगु समास

(ख) कर्मधारय समास

(ग) तत्पुरुष समास

(घ) अव्यीभाव समास

(2)'चंद्रखिलौना'-समस्त पद का विग्रह होगा -

(क)चंद्र का खिलौना

(ख)चंद्र और खिलौना

(ग) चंद्र रूपी खिलौना

(घ) चंद्र के लिए खिलौना

(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| **समस्तपद** | **समास** |
|---|---|
| (i) गृहप्रवेश | (i) द्वंद्व समास |
| (ii) साफ़ - साफ़ | (ii) अव्ययीभाव समास |
| (iii) त्रिकोण | (iii) तत्पुरुष समास |

(iv) मृगलोचन (iv) बहुव्रीहि समास

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं -

(क) i और ii

(ख)i और iii

(ग) ii और iv

(घ) iii और iv

(4) 'सत्याग्रह' शब्द के लिए सही समास- विग्रह और समास का चयन कीजिए -

(क) सत्य और ग्रह - द्वंद्व समास

(ख) सत्य का आग्रह - तत्पुरुष समास

(ग) सत्य आग्रह - अव्ययीभाव समास

(घ) सत्य के लिए आग्रह - तत्पुरुष समास

(5) 'चतुर्मुख' का समास विग्रह एवं भेद होगा -

(क) चतुर है जो - बहुव्रीहि समास

(ख) चार मुख - तत्पुरुष समास

(ग) चार हैं मुख जिसके अर्थात ब्रह्मा - बहुव्रीहि समास

(घ) चतुराई झलकती है जिसके मुख से अर्थात व्यक्ति विशेष - बहुव्रीहि समास

प्रश्न 6 निर्देशानुसार **मुहावरे** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(1)मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए-

(क) गिरह बाँधना - मार डालना

(ख)तलवार खींचना-सब कुछ नष्ट करना

(ग)पन्ने रंगना-व्यर्थ में लिखना

(घ)कदम उठाना - सामना करना

(2)'अयोग्य को कोई महत्वपूर्ण वस्तु मिलना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है -

(क)दाँतों तले उँगली दबाना

(ख) अंधे के हाथ बटेर लगना

(ग) अंधे  की लाठी बनना

(घ) मोह-माया के बंधन में पड़ना

(3) तू मित्र है या शत्रु है? जहाँ भी जाता हूँ, वहीं मेरे सामने.............................. ।रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए -

(क) डेरा डालता है

(ख) हवा में उड़ता है

(ग) त्यौरियाँ चढ़ा लेता है

(घ) दीवार खड़ी कर देता है

(4) पढ़ाई में मेहनत कर मैं................. हो सकता हूँ। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(क) खून का घूँट

(ख) एक पंथ दो काज

(ग) पैरों पर खड़ा होना

(घ)अपना हाथ जगन्नाथ

(5)रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा?

तुम सारा दिन काम में जुटे रहते हो, कभी आराम भी कर लिया करो।

(क) कोल्हू का बैल

(ख) खेत का बैल

(ग) तीन तेरह होना

(घ) हक्का-बक्का

(6)'अत्यधिक दुखी होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है-

(क) कड़वे घूँट पीना

(ख) आपे से बाहर होना

(ग) कलेजा मुँह को आना

(घ) अक्ल पर पत्थर पड़ना

प्रश्न 7 निम्नलिखित  पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (1x5=5)

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए ।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे

(1) कवि सभी को एक होकर चलने की प्रेरणा देते हैं। इससे ज्ञात होता है कि कवि................ के पक्षधर हैं।

(क) निरन्वय

(ख) समन्वय

(ग) क्रमान्वय

(घ) दूरान्वय

(2) अभीष्ट मार्ग से तात्पर्य है-

(क) स्वर्गगत मार्ग

(ख) प्रमाणित मार्ग

(ग) क्रीड़ाक्षेत्रीय मार्ग

(घ) मनोवांछित मार्ग

(3)समर्थ भाव है, दूसरों को

(क) सफल करते हुए स्वयं सफल होना

(ख) ज्ञान मार्ग बताते हुए सफल बनाना

(ग) शक्ति प्रदर्शन द्वारा सफलता दिलाना

(घ) सफल करते हुए अपना स्वार्थ सिद्ध करना

(4)'भिन्नता ना बढ़े' का आशय है-

(क) मत भिन्नता हो

(ख) मतभेद कम हों

(ग) भेदभाव भिन्न हों

(घ) मतभेद अधिक हों

(5)निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

(i) हमें मृत्यु से कभी नहीं डरना चाहिए ।

(ii) बाह्य आडंबरों का विरोध करना चाहिए।

(iii) मार्ग की विपत्तियों को ढकेलते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

(iv) प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ईश्वर को धन्यवाद देना चाहिए।

(v) हमें अपने जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए -

(क) (i),(ii),(v)

(ख) (i),(iii),(v)

(ग)(ii),(iii),(iv)

(घ) ((ii),(iv),(v)

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए - (1x2=2)

(1) 'तुम्हीं राम, तुम्हीं लक्ष्मण' कवि ने ऐसा कहा है क्योंकि -

(क) देश की रक्षा सभी देशवासियों का कर्तव्य है।

(ख) राम और लक्ष्मण द्वारा सीता की रक्षा की गई है ।

(ग) सैनिक युद्ध भूमि में वीरगति को प्राप्त हो चुके हैं।

(घ) आत्मबलिदान के अवसर निरंतर बने रहते हैं।

(2) 'तव मुख पहचानूँ छिन-छिन में' का भाव है -

(क) प्रभु की सत्ता पर संदेह न करना।

(ख) प्रत्येक जीव में परमात्मा को देखना।

(ग) ईश्वर के दर्शनों की अभिलाषा रखना।

(घ) सत्मार्ग पर चलकर जीवन यापन करना।

प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-(1x5=5)

'रातें दसों दिशाओं से कहेंगी अपनी कहानियाँ' पर संगीतकार जयकिशन ने आपत्ति की। उनका ख्याल था कि दर्शक 'चार दिशाएँ' तो समझ सकते हैं- 'दस दिशाएँ' नहीं। लेकिन शैलेंद्र परिवर्तन के लिए तैयार नहीं हुए। उनका दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों की रुचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर नहीं

थोपना चाहिए। कलाकार का यह कर्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रुचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करें और उनका यकीन गलत नहीं था। यही नहीं, वे बहुत अच्छे गीत भी जो उन्होंने लिखे बेहद लोकप्रिय हुए। शैलेंद्र ने झूठे अभिजात्य को कभी नहीं अपनाया। उनके गीत भाव-प्रवण थे- दुरूह नहीं। 'मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंगलिस्तानी, सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' - यह गीत शैलेंद्र ही लिख सकते थे। शांत नदी का प्रवाह और समुद्र की गहराई लिए हुए। यही विशेषता उनकी ज़िंदगी की थी और यही उन्होंने अपनी फ़िल्म के द्वारा भी साबित किया था।

(1) गीत 'रातें दसों दिशाओं से कहेंगी अपनी कहानियाँ' पर संगीतकार जयकिशन ने आपत्ति की क्योंकि उनके अनुसार -

(क) दस दिशाओं का गहन ज्ञान दर्शकों को नहीं होगा।

(ख) इससे दर्शकों की रुचियों का परिष्कार नहीं होगा।

(ग) जागरूक दर्शक ऐसी स्पष्ट बातें पसंद नहीं करते थे।

(घ) दर्शकों की रुचि के लिए उन पर उथलापन नहीं थोपना चाहिए।

(2) 'उनका यह दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों की रुचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर नहीं थोपना चाहिए।कलाकार का यह कर्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रुचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करे।'

कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि शैलेंद्र हैं -

(क) दृढ़निश्चयी, सफल फ़िल्म निर्माता व कवि

(ख) सफल फ़िल्म निर्माता, गीतकार व कवि

(ग) समाज-सुधारक,कर्मयोगी गीतकार व कवि

(घ) आदर्शवादी,उच्चकोटि के गीतकार व कवि

( 3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A)-उनके गीत भाव-प्रवण थे- दुरूह नहीं।

कारण (R ) - शैलेंद्र के द्वारा लिखे गीत भावनाओं से ओत-प्रोत थे, उनमें गहराई थी ।गीतों की भाषा सहज, सरल थी, क्लिष्ट नहीं थी।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(4) 'मेरा जूता है जापानी....... 'यह गीत शैलेंद्र ही लिख सकते थे ।लेखक द्वारा ऐसा कहा जाना दर्शाता है, शैलेंद्र के प्रति उनका -

(क) कर्तव्यबोध

(ख) मैत्रीभाव

(ग) व्यक्तित्व

(घ) अवलोकन

(5) गद्यांश के आधार पर शैलेंद्र के निजी जीवन की छाप मिलती है कि वे थे -

(क) बेहद गंभीर, उदार,दृढ इच्छाशक्ति और संकीर्णहृदय

(ख) बेहद गंभीर, उदार,कृपणऔर संकीर्णहृदय

(ग) बेहद गंभीर, भावुक,कृपण और दृढ इच्छाशक्ति

(घ) बेहद गंभीर, उदार, दृढ इच्छाशक्ति और भावुक

प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए - (1x2=2)

(1) निम्नलिखित में से कौन-से वाक्य 'बड़े भाई साहब' कहानी से प्राप्त प्रेरणा को दर्शाते हैं -

(i) कथनी और करनी का अंतर हमारी स्थिति को हास्यास्पद बना सकता है।

(ii) पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी छात्र जीवन के आवश्यक अंग हैं।

(iii) केवल परीक्षा से पहले ध्यान लगाकर पढ़ लेने से प्रथम आ सकते हैं।

(iv) बड़े भाई साहब ज्ञान की बातें लेखक को आसानी से समझा देते हैं।

(क) केवल (i)

(ख) (i) और (ii)

(ग) केवल (iv)

(घ) (ii),(iii),(iv)

(2) सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने के लिए पीछे कर्नल का उद्देश्य था-

(क)अपने परम मित्र सआदत अली की हरसंभव सहायता करना

(ख) जाँबाज़ योद्धा के रूप में मित्र सआदत अली को प्रसिद्ध करना

(ग) कंपनी के वकील का कत्ल करवाने के लिए मिलकर षडयंत्र रचना

(घ) अप्रत्यक्ष रूप से अवध पर कंपनी का आधिपत्य स्थापित करना

## खंड - ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - (1x2=2)
(3x2=6)

(1) भ्रमण हम सभी के जीवन का अभिन्न अंग है। अपनी व्यस्ततम दिनचर्या के बीच चैन से भरे कुछ पल शायद हम इसी प्रकार निकाल सकते हैं। शांत वातावरण में अपने तथा अपनों के लिए जीवन व्यतीत करना आवश्यक है।
आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ में चैन भरे पल बिताने के लिए लेखक ने क्या किया ? क्या वास्तव में सभी को इसकी आवश्यकता है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(2) 'डायरी का एक पन्ना' के माध्यम से आपने गुलाम भारत के स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के विषय में जाना। आज हम आज़ाद भारत में आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं।
देश के प्रति अपने कर्तव्यों को बताते हुए पाठ से प्राप्त सीख का वर्णन कीजिए।

(3) इस वर्ष आपने पाठ्यक्रम में लोककथा पर आधारित एक कहानी पढ़ी है। यह कहानी समाज की विसंगतियों को  दूर करने का संदेश देती है। कथन का मूल्यांकन करते हुए अपने विचार लिखिए।

प्रश्न 12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - (3x2=6)
6)

(1) आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़ी गई किस कविता की अंतिम पंक्तियाँ आपको सर्वाधिक प्रभावित करती हैं और क्यों? लगभग 60 शब्दों में व्यक्त कीजिए।

(2) कबीर और मीरा की भक्ति की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(3) आपके पाठ्यक्रम में किस कविता में वर्षा के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन किया गया है ? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

प्रश्न 13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - (3x2=6)
)

(1) लोगों के बीच बहस छिड़ जाती है। उत्तराधिकारी के कानून पर जो जितना जानता है, उससे दस गुना अधिक उगल देता है। फिर भी कोई समाधान नहीं निकलता। रहस्य खत्म नहीं होता, आशंकाएँ बनी ही रहती हैं। लेकिन लोग आशंकाओं को नज़रअंदाज कर अपनी पक्षधरता शुरू कर देते हैं।
हरिहर काका सभी के लिए चर्चा का केंद्र बने हुए थे। हरिहर काका मामले में गाँव वालों की राय तर्कसहित स्पष्ट कीजिए।

(2) स्काउट परेड करते समय लेखक स्वयं को महत्वपूर्ण 'आदमी' फ़ौजी जवान समझने लगता था। कथन के आलोक में अपने विचार प्रकट करते हुए बताइए कि विद्यालय जीवन में प्रशिक्षण व गतिविधियों की क्या उपयोगिता है?

(3)बालमन किसी स्वार्थ या हिसाब से चलायमान नहीं होता। बचपन प्रेम के रिश्ते के अलावा किसी और रिश्ते को कुबूल नहीं करता।
'टोपी शुक्ला' पाठ में टोपी अपने परिवार के एक सदस्य को बदलने की बात करता है। उसकी सोच के आधार पर उसकी मनोदशा का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 14 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5x1=5)

(1) विद्यार्थी जीवन और चरित्र निर्माण
- संपूर्ण जीवन की आधारशिला • चरित्र निर्माण की आवश्यकता • देश व समाज के लिए उपयोगी

(2) ट्वेंटी-ट्वेंटी क्रिकेट का रोमांच
- मैच कब और कहाँ • टीमों का संघर्ष • दर्शकों की प्रतिक्रिया

(3) दौड़ती हुई ज़िंदगी
- कैसे • कारण • आवश्यकताओं में वृद्धि • क्या करें ?

•

प्रश्न 15 (1) आप वेणु राजगोपाल /वेणी राजगोपाल हैं। हिंदुस्तान टाइम्स दिल्ली के संपादक के नाम एक पत्र लिखकर सामाजिक जीवन में बढ़ रही हिंसा पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।( शब्द-सीमा - लगभग 100 शब्द)

(5x1=5)

**अथवा**

(2) आपके विद्यालय में खेल की उपयुक्त सामग्री है तथा समय-समय पर सभी स्तरों पर मैच का आयोजन भी किया जाता है। विद्यालय के खेल कप्तान होने के नाते प्रधानाचार्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 16 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए - (4x1=4)

(1) आप विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं। बाल दिवस समारोह के अवसर पर विद्यालय में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के विवरण सहित सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2) आप रजत चट्टोपाध्याय/ रजनी रस्तोगी, मोहल्ला सुधार समिति के सचिव हैं। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

प्रश्न 17 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए-

(3x1=3)

(1)स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा योग दिवस के अवसर के प्रचार प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

(2)लोकल फॉर वोकल ( स्थानीय उत्पादों का प्रयोग ) के प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।

प्रश्न 18 (1) 'जैसा करोगे वैसा भरोगे' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।(5x1=5)

**अथवा**

(2)आप श्वेता कपूर /शैलेश कपूर हैं। आप वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी की उपयोगिता जानते हैं इसीलिए ग्यारहवीं कक्षा में विज्ञान विषय के साथ भी हिंदी अतिरिक्त विषय के रूप में पढ़ना चाहते हैं। अपने प्रधानाचार्य को विद्यालय के ईमेल पते पर ईमेल लिखकर अनुमति प्राप्त कीजिए। ( शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द)

>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>

**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2022-23)**

**हिंदी (ब) कोड संख्या 085**

**कक्षा - दसवीं** **पूर्णांक:80**

**सामान्य निर्देश :**

(1) इस अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। इस प्रश्नपत्र में वस्तुपरक एवं वर्णनात्मक प्रश्न हैं। अत: अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।

(2) यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें, तो उन्हें अंक दिए जाएँ।

(3) समान त्रुटियों के लिए स्थान-स्थान पर अंक न काटे जाएँ।

(4) गुणवत्तापूर्ण, सटीक उत्तर पर शत-प्रतिशत अंक देने में किसी प्रकार का संकोच न किया जाए।

(5) मूल्यांकन में 0 से 100 प्रतिशत अंकों का पैमाना स्वीकार्य है।

(6) मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना के निर्देशानुसार ही किया जाए।

**खंड - अ**

**प्रश्न 1 अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्न (1×5 =5)**

(1) (घ) विभिन्नता में एकता का प्रतीक

(2)(ग) प्राचीन सुव्यवस्थित सभ्यता का

(3) (ग) भारतीय सभ्यता व संस्कृति का संरक्षण आवश्यक है।

(4) (क) सूक्ष्म अवलोकन एवं कला-प्रेम

(5) (ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**प्रश्न 2 अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्न (1×5 =5)**

(1)(ख) कथन का प्रामाणिक होना

(2) (ख) परिश्रम

(3) (ग) (i) और (iii)

(4) (ग) अन्वेषण

(5) (ग) मेहनत से कल्पना साकार होती है।

**प्रश्न 3** पदबंध पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(1x4=4)**

(1) (ग) क्रिया पदबंध

(2) (ग) निर्भीक और साहसी

(3) (ग) दोनों कबूतर रातभर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।

(4) (क) संज्ञा पदबंध

(5) (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

**प्रश्न 4** 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(1x4=4)**

(1) (क) तताँरा को देखते ही वह फूटकर रोने लगी।

(2) (ग) मिश्रित वाक्य

(3) (ग) आपके कार्यक्रम इतने अच्छे होते हैं कि सभी पसंद करते हैं।

(4) (क) आपने मुझे कारतूस दिए इसलिए आपकी जान बख्शी करता हूँ।

(5) (ख) संयुक्त वाक्य

**प्रश्न 5 समास** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(1x4=4)**

(1) (ख) कर्मधारय समास

(2) (ग) चंद्र रूपी खिलौना

(3) (ग) ii और iv

(4) (घ) सत्य के लिए आग्रह - तत्पुरुष समास

(5) (ग) चार हैं मुख जिसके अर्थात ब्रहमा - बहुव्रीहि समास

**प्रश्न 6 मुहावरे** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(1x4=4)**

(1) (ग)पन्ने रंगना-व्यर्थ में लिखना

(2) (ख) अंधे के हाथ बटेर लगना

(3) (घ) दीवार खड़ी कर देता है

(4) (ग) पैरों पर खड़ा

(5) (क) कोल्हू का बैल

(6) (ग) कलेजा मुँह को आना

**प्रश्न 7** पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-

**(1×5 =5)**

(1) (ख) समन्वय

(2) (घ) मनोवांछित मार्ग

(3) (क) सफल करते हुए स्वयं सफल होना

(4) (ख) मतभेद कम हों

(5) (ख) (i),(iii),(v)

**प्रश्न 8** प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए - **(1x2=2)**

(1) (क) देश की रक्षा सभी देशवासियों का कर्तव्य है।

(2) (क) प्रभु की सत्ता पर संदेह न करना।

**प्रश्न 9** गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- **(1x5=5)**

(1) (क)दस दिशाओं का गहन ज्ञान दर्शकों को नहीं होगा।

(2) (घ) आदर्शवादी,उच्चकोटि के गीतकार व कवि

(3) (घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(4) (घ) अवलोकन

(5) (घ) बेहद गंभीर, उदार, दृढ इच्छाशक्ति और भावुक

**प्रश्न 10** प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए -**(1×2 =2)**

(1) (ख) (i) और (ii)

(2) (घ) अप्रत्यक्ष रूप से अवध पर कंपनी का आधिपत्य स्थापित करना

## खंड - ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 11 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - (3x2=6)

(1) पाठ - पतझड़ में टूटी पत्तियाँ पर आधारित

- चाय पीने की परंपरा
- चानोयू ,शांत वातावरण में वर्तमान की समझ

- शिक्षार्थी अपने मतानुसार लिखेंगे

(2)

- देश की एकता अखंडता बनाए रखने के लिए कटिबद्ध
- देश भक्ति व देश के विकास के लिए प्रयासरत
- पाठ से सीख - क्रांतिकारियों की कुर्बानियों को याद करके एक संगठित समाज
- कृत संकल्प संगठित समाज द्वारा सभी कुछ संभव

(3) तताँरा-वामीरो कथा

- रूढ़ियों का बंधन बोझ बन जाना
- तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से परिवर्तन
- शिक्षार्थी अपने मतानुसार लिखेंगे।

प्रश्न 12 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - (3x2=6)

(1) शिक्षार्थी अपने मतानुसार लिखेंगे

(2)

- **कबीर** - निर्गुण भक्ति के प्रवर्तक
- धर्म के बाह्य आडंबरों पर गहरी और तीखी चोट
- आत्मा परमात्मा के विरह-मिलन के भावपूर्ण गीत
- ईश्वर के निर्विकार, अरुप का वर्णन

- **मीरा** - दैन्य और माधुर्य भाव की भक्ति
- आराध्य से मनुहार और अवसर आने पर उलाहना भी
- कृष्ण के रूप- सौंदर्य का वर्णन
- गिरधर गोपाल के अनन्य और एकनिष्ठ प्रेम से अभिभूत

(3) सुमित्रानंदन पंत द्वारा रचित कविता 'पर्वत प्रदेश में पावस'

- प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत वर्णन
- पहाड़ों की अपार श्रृंखला, आसपास बहते झरने
- पाठक सब कुछ भूल कर उसी में लीन रहना चाहते हैं

प्रश्न 13 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - (3x2=6)

(1)

- गाँव वालों की अलग-अलग राय
- दो दल बन गए थे।
- गाँव में एक तरफ़ चटोरे किस्म के लोग थे जो ठाकुरबारी में प्रसाद के बहाने तर माल खाते थे। वे महंत के पक्षधर थे। वे चाहते थे कि हरिहर काका को अपनी ज़मीन ठाकुरबारी के नाम लिख देनी चाहिए। इससे उन्हें पुण्य मिलेगा तथा उनकी कीर्ति स्थायी रहेगी।
- दूसरा दल ठाकुरबारी के धार्मिक पाखंड को भली-भाँति जानने वालों का था। वे भाइयों के परिवार के समर्थक थे। उनकी राय थी कि हरिहर काका को अपनी ज़मीन भाइयों के नाम लिख देनी चाहिए। उन्हें यही राय न्यायपूर्ण प्रतीत होती थी।

(2)

- धोबी की धुली वर्दी, पॉलिश किए जूतों को पहनकर फ़ौजी जवान
- मास्टर प्रीतमचंद द्वारा लेफ्ट- राइट कहते हुए परेड करवाना बूटों की एड़ियों को दाएँ - बाएँ मोड़कर ठक-ठक करके चलना

- विद्यालय जीवन में प्रशिक्षण व गतिविधियों की अत्यधिक उपयोगिता है। गतिविधियों द्वारा बच्चे खेल-खेल में महत्वपूर्ण तथ्यों को भली-भाँति समझते हैं तथा आनंदपूर्ण वातावरण में शिक्षा ग्रहण करते हैं। उनमें सहयोग, सहनशीलता, परोपकार की भावना जागृत होती है।

(3)

- प्रेम केवल अपनापन देखता है, जाति या धर्म नहीं
- टोपी शुक्ला को अपनेपन की तलाश थी जो उसने इफ़्फ़न की दादी में देखी
- टोपी को इफ़्फ़न की दादी बहुत अच्छी लगती थी और अपनी दादी से नफ़रत थी इसीलिए टोपी ने अपनी दादी को इफ़्फ़न की दादी से बदलना चाहा
- इफ़्फ़न की दादी के प्यार व अपनापन से वह बहुत प्रभावित
- स्वयं की दादी सदैव डाँटती रहती और कभी भी उसके मनोभावों को समझने का प्रयास नहीं करती

प्रश्न 14 किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5x1=5)

| | |
|---|---|
| विषयवस्तु- | 3 अंक |
| भाषा- | 1 अंक |

प्रस्तुति- 2 अंक

प्रश्न 15 दिए गए दो औपचारिक पत्रों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में पत्र लेखन- (5x1=5)

आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ - 1 अंक
विषयवस्तु- 2 अंक
भाषा- 1 अंक
प्रस्तुति- 1 अंक

प्रश्न 16 किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए - (4x1=4)

विषयवस्तु- 2 अंक
प्रस्तुति- 1 अंक
भाषा - 1 अंक

प्रश्न 17 किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए- (3x1=3)

विषयवस्तु- 1 अंक
प्रस्तुति- 1 अंक
भाषा - 1 अंक

प्रश्न 18 लघुकथा अथवा ई-मेल लेखन लगभग 100 शब्दों में लिखिए।(5x1=5)

औपचारिकताएँ- 1 अंक
विषयवस्तु- 2 अंक
प्रस्तुति- 1 अंक
भाषा - 1 अंक

>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>